## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम पंचायतों में बनेंगे मुक्तिधाम - प्रभारी मंत्री उमेश पटेल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने ग्राम पंचायतों में लोगों की आवश्यकता को देखते हुए मनरेगा मद से मुक्तिधाम बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि ग्रामवासियों की मुक्तिधाम बनाने की मांग की जा रही थी। गांवों में ग्रामवासियों को गर्मी, सर्दी, बरसात के दिनों में खुले में अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने में दिक्कत आती थी। इन्हीं समस्या का समाधान करने के लिए मनरेगा मद से ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार मुक्तिधाम बनाया जाएगा, ताकि ग्रामवासी इसका उपयोग कर सके। उल्लेखनीय है कि गत दिवस सीएसआर की बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के मांग के अनुसार मुक्तिधाम बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए थे, ताकि ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम के कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जा सके और ग्रामवासी इसका सार्थक उपयोग कर सके।

### 12 वर्षीय बच्चे की करेंट लगने से मौत, क्षेत्र में फैली सनसनी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार थाना अंतर्गत ग्राम जरीडीह में सोमवार के शाम लगभग 4 . 30 बजे 12 वर्षीय बच्चे की करेंट लगने से मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार कुएं के पास बच्चा लाइट से चलने वाली वाटर पम्प का स्विच चालू करने के लिए स्विच के पास गया हुआ था। तभी वह करेंट की चपेट में आ गया। करेंट लगने के बाद बच्चे का दाहिने हाथ की उंगली काली हो गयी। बताया जा रहा है कि करंट लगने के बाद वह वही गिर गया। जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई ।112 कि सहायता से बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार लाया गया। जहाँ बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।

### प्राकृतिक आपदा से चार लोगों की असामयिक मृत्यु पर मिली सहायता

#### वारिसानों को मिली 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अनुविभाग घरघोड़ा अंतर्गत 4 लोगों की प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत असामायिक मृत्यु होने के कारण एसडीएम घरघोड़ा की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के वारिसानों को 4-4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील घरघोड़ा के ग्राम-पतरापाली निवासी सुधराम चौहान की 22 अगस्त 2018 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी प्रेमशीला को 4 लाख रुपए, तहसील तमनार के ग्राम-महलोई निवासी रामप्यारी एवं अर्जुन की 7 सितम्बर 2018 को दीवाल एवं छत गिरने से मृत्यु होने पर उनकी बहु कौशिल्या को 4-4 लाख रुपए तथा तहसील तमनार के ग्राम-कसडोल निवासी जेठूराम धनवार की 15 अप्रैल 2018 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र परीक्षित कुमार धनवार को को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# जिले में मॉडल गौठान बनकर तैयार

## सर्वसुविधा युक्त गौठान में पशु चारापानी, कोटना, पक्के शेड का ले रहे है लाभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना सार्थक हो रही है। सुराजी गांव योजना के तहत 9 जनपद पंचायतों में एक-एक मॉडल गौठान पशुओं के लिए सर्व सुविधायुक्त तैयार हो गई है। 761 ग्राम पंचायतों में 15 प्रतिशत का 114 ग्राम पंचायत जिनमें से जिले में 103 गौठान का चिन्हांकन किया गया। जिनमें से 62 गौठान आदर्श गौठान में चारा-पानी, कोटना, पक्के शेड के साथ गांव के पशु इसका लाभ ले रहे है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि गांव में किसानों के कृषि कार्य में मवेशियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पशुओं की देखभाल और उन्हें संरक्षित रखने के लिए गौठान एवं चारागाह बनाया जा रहा है। साथ ही उनके खान-पान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गांव में जहां पशुओं बैठते है उन चारागाहों को डेकेयर के रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है। पशुओं के बैठने और रहने के लिए पक्के शेड, घास रखने के लिए मचान बनाया गया है। साथ ही पशुओं के गोबर को



एकत्र करके गोबर गैस के रूप में भी उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 9 जनपदों में एक-एक मॉडल गौठान तैयार हो गए है इनमें बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हिर्री में 3 एकड़ में 259 पशुओं के लिए और चारागाह 5 एकड़ में बनाया गया है। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ऐडुकला में 4.40 में गौठान जिसमें 583 पशुओं को लाभ मिलेगा और 6 एकड़ रकबा में चारागाह बनाया जा रहा है। इसी प्रकार घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम बैहामुड़ा में 8 एकड़ के रकबा में गौठान, 259 पशुओं को लाभ मिलेगा एवं 667 रकबा में चारागाह, खरसिया विकासखण्ड के ग्राम जोबी में 6 एकड़ में गौठान जहां 853 पशुओं को लाभ मिलेगा, 5 एकड़ में चारागाह बनेगा।

# बिजली समस्या को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**» परेशान हो रहे छात्र-छात्राएं**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज लगातार हो रही विद्युत कटौती को लेकर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। चूंकि पिछले कई दिनों से विभाग के बिना सूचना के कई इलाकों में घंटो बिजली गुल रहती है। इससे सर्वाधिक छात्र-छात्राएं परेशान हैं।

इस संबंध में एबीवीपी कार्यकर्ता शशांक पाण्डेय का कहना है कि ऐन परीक्षा के समय बिजली विभाग का यह रवैया सीधे-सीधे छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। चूंकि विद्युत कटौती के चलते उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को सचेत किया जा रहा है। वहीं विद्युत विभाग के एई पीसी साहू का कहना है कि कुछ तकनीकी कारणों से विद्युत प्रभावित हो रहा है और कुछ जगह मेटनेंस का काम चलने से विद्युत का प्रवाह बंद किया जाता है। ऐसे में बिजली गुल हो रही है और आने वाले समय में व्यवस्था सुधार ली जाएगी।

### बीएस-सी नर्सिंग 2019 प्रवेश परीक्षा 16 को

#### परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 16 जून को बीएस नर्सिंग 2019 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार निकुंज को नोडल अधिकारी एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन के सहायक परियोजना समन्वयक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## नई सड़क को चल रही थी खोदने की तैयारी, नागरिकों ने मशीन ऑपरेटर को वापस लौटाया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एक दिन पूर्व डामरीकृत नई नवेली रोड को केबल डालने के लिए खोदने को तैयार था रिलायंस जियो कंपनी के खोदाई मशीन नागरिकों की जागरूकता के कारण धरी गई। मशीन आपरेटर को आर पी एफ स्टाफ रायगढ़ ले गए। बहुत लिखा पढ़ी आवेदन निवेदन के बाद बनी खरसिया नवापारा रोड जिसका डामरीकरणकरण 2 जून को ही हुआ था।3 जून को रोड को जिओ रिलायंस कम्पनी के केबल डालने का कार्य करने वाली मशीन ने उखाड़ना शुरू कर दिया था , नगर के युवा रमेश अग्रवाल समाज सेवा कार्य हेतु वहाँ से गुजर रहे थे ,तो उन्होंने देखा की रोड उखड़ रही है, मशीन को रुकवाया । रेलवे स्टेशन में अधिकारी को बताया। फिर मीडिया को सूचना



दिए फ़ोटो वट्सअप किये, खरसिया रेलवे एस एम , रायगढ़ रेलवे पुलिस, चांपा ए डी ई एन से तत्काल कार्यवाही हेतु कहा । त्रक्क्ष स्टाफ मौके पर कार्यवाही कर मशीन आपरेटर को गिरफ्तार कर रायगढ़ ले गए।

## आबकारी विभाग ने किया 250 लीटर देशी, विदेशी व महुआ शराब जब्त

**» सवा तीन टन महुआ लाहन भी जब्त**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक ने अपने स्टॉफ को अवैध शराब बनाकर बेचने और कोचिया को पकडऩे के लिए सघन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी, इन्द्रबली सिंह मारकण्डेय और रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन मे उपनिरीक्षकों ने 76 प्रकरण कायम किये है, जिसमें 250 लीटर देशी, विदेशी और महुआ शराब के साथ सवा तीन टन महुआ लाहन भी जप्त किया है। इस जप्त सामग्री का बाजार मूल्य



पौने चार लाख रूपये (3.75 लाख) आंका गया है। रायगढ़ में आबकारी उप निरीक्षक आशीष उप्पल ने रामभांठा संजय मैदान में पुनू राम ब्रज पिता स्व. रामप्रसाद, कैलाश भारद्वाज पिता नारायण, रामाशंकर कुर्रे पिता विश्वास और सूरज ब्रज पिता बुधराम को अवैध रूप से शराब का कारोबार करते पाये जाने पर गिरफ्तार किया। कोड़ातराई में मेन चौक के पास अनिल कुमार सिंह पिता ललन सिंह और पुरूषोत्तम चंद्रवंशी पिता हेमंत को सार्वजनिक स्थान में मदिरापान करते पाये जाने पर प्रकरण कायम किया गया।

रमेश सिदार आबकारी उपनिरीक्षक ने वी.आई.पी. ढाबा गेरवानी के संजय सिंह पिता हरिनंद सिंह को ढाबा में 08 पाव इम्पीरियल ब्लू व्हीस्की और एक बोतल ओल्ड मंक रम बेचने के लिए रखे हुए पाये जाने पर प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480